| तारिख हुक्म | **हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज**<br>**स्थगन प्रार्थना पत्र संख्याः 07/2024** | नम्बर व तारिख अहकाम जो इस हुक्म की तामिलमे जारी हुए |
|---|---|---|
| **03.01.2025**<br><br>पक्षकारान के मध्य राजीनामा होने से यह प्रार्थना पत्र विड्रो की जाती है<br><br>(खेतसिंह) | प्रार्थी अपीलार्थी खेतसिंह व प्रार्थी अपीलार्थी के वकील ने आज एक प्रार्थना पत्र मिसल तलबी हेतु प्रस्तुत कर अनुरोध किया कि प्रकरण में पक्षकारों के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है, इसलिये अपीलार्थी इस प्रकरण को आज ही विड्रो करना चाहता है, इसलिये प्रकरण की मिसल आज ही न्यायालय में तलब कर विड्रो के जरिये निस्तारण के आदेश पारित किये जावे। जिस पर मूल अपील पत्रावली के साथ साथ स्थगन प्रार्थना पत्र की पत्रावली भी आज ही न्यायालय में तलब कर तारीख पेशी में ली गई। प्रार्थी अपीलार्थी खेतसिंह व प्रार्थी अपीलार्थी के वकील उपस्थित। अप्रार्थी संख्या 1 व 2 के वकील उपस्थित। पेरोकार सरकार उपस्थित। प्रार्थी अपीलार्थी खेतसिंह व प्रार्थी अपीलार्थी के वकील ने मूल अपील में एक और प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर यह अनुरोध किया कि प्रकरण में पक्षकारान के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है व अपीलार्थी प्रकरण में कोई कार्यवाही नही करना चाहता है, इसलिये अपील को जरिये विड्रॉ निस्तारित करने का आदेश पारित किया जावे। प्रार्थी अपीलार्थी की ओर से प्रस्तुत उक्त दोनों प्रार्थना पत्र मूल अपील पत्रावली में शामिल मिसल किये गये।<br><br>चूंकि पक्षकारान के मध्य राजीनामा हो जाने से अपीलार्थी द्वारा अपील को आगे नही चलाना चाहने से विड्रॉ (Withdraw) किया जाने पर मूल अपील प्रकरण जरिये विड्रॉ (Withdraw) आज खारिज हो चुका है। ऐसी स्थिति में, यह स्थगन प्रार्थना पत्र अब प्रभावहीन होने से इसी स्तर पर खारिज किये जाने योग्य है। अतः प्रकरण में पारित स्थगन आदेश दिनांक 16.01.2024 को निरस्त किया जाकर प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। निर्णय सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।<br><br>अति. जिला कलक्टर<br>सिरोही (राज.) | |